दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 01 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 63

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बांग्लादेश : चटगांव में भीड़ ने तीन मंदिरों पर किया हमला

**ढाका ।** बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। चटगांव में चल रहे विरोध प्रदर्शन और हिंसा के बीच नारे लगाती भीड़ ने तीन हिंदू मंदिरों में तोडफ़ोड़ की है। यह हमला शुक्रवार को दोपहर करीब 2.30 बजे हरीश चंद्र मुनसेफ लेन इलाके में हुआ। संतनेश्वर मातृ मंदिर, शोनी मंदिर और शांतनेश्वरी कालीबाड़ी मंदिर को निशाना बनाया गया। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार पर अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कर पाने में नाकाम रहने के आरोप लगते रहे हैं। मंदिर के अधिकारियों ने नुकसान की पुष्टि की इसमें टूटे हुए द्वार और अन्य नुकसान शामिल है। कोतवाली पुलिस स्टेशन के प्रमुख अब्दुल करीम ने हमले की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने जानबूझकर मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। संतानेश्वर मातृ मंदिर प्रबंधन समिति के स्थायी सदस्य तपन दास ने कहा कि हमलावरों ने हिंदू विरोधी और इस्कॉन विरोधी नारेबाजी कर रहे थे।

### गाजियाबाद : डेंटल कॉलेज के महिला हॉस्टल में छात्रा ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट बरामद

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर दिव्य ज्योति डेंटल कॉलेज परिसर में एमडीएस की एक छात्रा ने पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। छात्रा के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। हरियाणा के रेवाड़ी की रहने वाली रेणुका यादव दिव्य ज्योति डेंटल कॉलेज से एमडीएस की पढ़ाई कर रही थी। वह कॉलेज परिसर में हॉस्टल में ही रहती थी। बताया जा रहा है कि छात्रा ने बीमारी की बात कहकर कॉलेज से दो दिन की छुट्टी ले रखी थी। जब वह शनिवार को कॉलेज नहीं गई तो उसे बुलाने के लिए अन्य छात्राओं को हॉस्टल भेजा गया। छात्राओं द्वारा काफी दरवाजा खटखटाना पर भी गेट नहीं खुला तो कॉलेज प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। कॉलेज के लोगों ने जब दरवाजा तोड़ा तो अंदर छात्रा पंखे से लटकी हुई थी। इसकी सूचना तुरंत निवाड़ी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय थाना प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को छात्रा के कमरे से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, सुसाइड नोट पर अपने माता-पिता के नाम एक चि_ी लिखी है। उसमें उसने आत्महत्या के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही आगे कि कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने छात्रा की सहेलियों से पूछताछ की है और जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

### अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में बड़ी चूक, ग्रेटर कैलाश में हुआ हमला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन पर अरविंद केजरीवाल पर ग्रेटर कैलाश इलाके में हमला हुआ है। हमलावर ने उनके ऊपर कुछ तरल पदार्थ फेंक दिया। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल इन दिनों रोजाना पद यात्रा कर रहे हैं। इस कड़ी में वह आज ग्रेटर कैलाश में पदयात्रा कर रहे थे। घटना के बाद आप ने इसके पीछे बीजेपी का हाथ बताते हुए हमला बोला। पार्टी ने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था बरकरार रखने में नाकाम बीजेपी बौखलाई हुई है। यह हमला इसलिए हुआ है क्योंकि केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर बीजेपी पर हमला बोला था। गृह मंत्री अमित शाह की नाकामी जग जाहिर हो गई है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हुए इस हमले के बारे में दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा नेता सभी राज्यों में रैलियां करते हैं, उन पर कभी हमला नहीं होता है। अरविंद केजरीवाल पर लगातार हमले हो रहे हैं।

# ‘फेंगल’ के दस्तक से पहले चेन्नई एयरपोर्ट बंद, भारी बारिश से कई उड़ानें रद्द; यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी

**चेन्नई । आरएनएस**

चक्रवात फेंगल के कारण तमिलनाडु में भारी बाढ़ और तेज हवाओं का प्रकोप जारी है। इस कारण चेन्नई एयरपोर्ट को शाम 7 बजे तक अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। खराब मौसम के चलते कई उड़ानें रद्द या देरी से चल रही हैं।

एयर इंडिया ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यात्रियों को सूचित किया है कि चेन्नई से आने-जाने वाली उड़ानें भारी बारिश और खराब मौसम के कारण प्रभावित हो रही हैं। इंडिगो एयरलाइंस ने भी चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, तूतीकोरिन, मदुरै, तिरूपति और विशाखापत्तनम से आने वाली उड़ानों में देरी या रद्द होने की संभावना जताई है।

यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ान की स्थिति की जांच के लिए एयरलाइंस की वेबसाइट या ऐप का उपयोग करें। साथ ही, यात्रा से पहले मौसम का पूर्वानुमान अवश्य देखें। चेन्नई एयरपोर्ट के अधिकारियों ने भी एक बयान जारी कर बताया है कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। जैसे ही मौसम साफ होगा, उड़ानों का संचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

चक्रवात फेंगल के चलते तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में जोरदार बारिश जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान के उपग्रह और श्रीहरिकोटा में डॉपलर मौसम रडार चक्रवात पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।आगामी चक्रवात को देखते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी सुरक्षा व्यवस्था और बचाव कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अपडेट शेयर करते हुए कहा मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले दो-तीन दिनों तक लगातार बारिश होगी। तमिलनाडु सरकार लगातार निगरानी कर रही है और एहतियाती कदम उठा रही है।

## चक्रवात ‘फेंगल’ को लेकर रेड अलर्ट, आईएमडी ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली । आरएनएस**



चक्रवात फेंगल के निकट आने से तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में समुद्र में उथल-पुथल और तेज़ हवाएं चल रही हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार चक्रवात फेंगल के आज शाम तक तमिलनाडु तट के साथ-साथ पुडुचेरी के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव क्षेत्र शुक्रवार दोपहर को चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया।

आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवात फेंगल के कारण तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में भारी वर्षा, तेज हवाएं और बाढ़ आने की आशंका है। अधिकारियों ने निचले और तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षा सलाह का पालन करने का आग्रह किया है। पूरे तमिलनाडु में रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसी बीच आईएमडी ने तमिलनाडु के मछुआरों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उनसे 30 नवंबर तक समुद्र में जाने से बचने का आग्रह किया गया है।

चक्रवाती तूफान फेंगल के शनिवार दोपहर पुडुचेरी के निकट पहुंचने की संभावना के मद्देनजर निवासियों से घरों के अंदर रहने को कहा गया है। यहां सभी स्कूल और कॉलेज शनिवार को बंद रहेंगे। भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार को कहा कि चक्रवाती तूफान के पुडुचेरी के निकट पहुंचने की संभावना है और हवा की गति 90 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकती है।

आईएमडी के अनुसार, चक्रवाती तूफान फेंगल चेन्नई से लगभग 210 किमी दक्षिण-पूर्व में अक्षांश 11.8 डिग्री उत्तर और देशांतर 81.7 डिग्री पूर्व के पास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में है। यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और 30 नवंबर की दोपहर के दौरान चक्रवाती तूफान के रूप में पुडुचेरी के करीब कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों को पार करेगा। हवा की गति 70-80 किमी प्रति घंटे से लेकर 90 किमी प्रति घंटे तक होगी।

आईएमडी के चक्रवात प्रभाग के प्रमुख आनंद दास ने कहा कि तमिलनाडु, दक्षिणी आंध्र प्रदेश, केरल और आंतरिक कर्नाटक के कई हिस्सों में भारी से अति भारी वर्षा के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## गुजरात में आइसक्रीम का खौफ, खाते ही 3 बच्चियों की हुई मौत; इलाके में मचा हड़कंप

**सूरत । आरएनएस**



गुजरात के सूरत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। पालीगाम इलाके में रहने वाली तीन बच्चियों की आइसक्रीम खाने के बाद मौत हो गई है। मृतकों में 12 साल की दुर्गा कुमारी, 14 साल की अमिता महंतो और 8 साल की अनिता कुमारी महंतो शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, बच्चियों ने आइसक्रीम खाने के तुरंत बाद उल्टी करना शुरू कर दिया था। उनकी हालत बिगड़ती देख परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, बच्चियों की मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह पता चल पाएगा कि बच्चियों की मौत आइसक्रीम खाने से हुई है या किसी अन्य कारण से।

पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आइसक्रीम के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आइसक्रीम कहां से खरीदी गई थी और उसकी गुणवत्ता क्या थी। तीन मासूम बच्चियों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। लोग इस घटना से बेहद दुखी हैं और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## तेज रफ्तार कार ने टेंपो में मारी टक्कर, 5 लोगों की दर्दनाक मौत

**श्रावस्ती । आरएनएस**



श्रावस्ती जिले में शनिवार को एक दिल दहलाने वाले सडक़ हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा नेशनल हाईवे-730 पर इकौना थाना क्षेत्र के मोहनीपुर तिराहे पर हुआ। जानकारी के मुताबिक, एक तेज रफ्तार कार ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद दोनों वाहन सडक़ से कई फीट नीचे खाई में जा गिरे। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, पांच लोगों की मौत पहले ही हो चुकी थी। मृतकों की पहचान गिलौला के मोहम्मदानपुर निवासी अयोध्या प्रसाद, बहराइच के धरसवा निवासी मुरलीधर, इकौना थाना क्षेत्र के पांडेय पुरवा निवासी लल्लन, बरईपुर निवासी ननके यादव और बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर सेवनाहे निवासी रफीक के रूप में हुई है। घायलों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि कार चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

सडक़ हादसों में कमी लाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। लोगों को सडक़ सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, सडक़ों की मरम्मत और नए संकेत बोर्ड लगाने का काम भी किया जा रहा है। इकौना के मोहनीपुर में हुए सडक़ हादसे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के आश्रितों को आर्थिक मदद देने व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने तथा उन्हें आर्थिक सहायता देने को कहा है। साथ ही मुख्यमंत्री ने डीएम व एसपी ने तत्काल मौके पर जाकर पीडि़तों की हर संभव मदद करने तथा उन्हें बेहतर इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है।

## हॉलिडे पैकेज के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटर से 32 गिरफ्तार

**नोएडा । आरएनएस**



उत्तर प्रदेश में नोएडा पुलिस ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 17 महिलाओं समेत 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पांच साथी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। कंट्री हॉलिडे ट्रैवल इंडिया के नाम से इन्होंने एक फर्जी कंपनी बना रखी थी और अपने दो अलग-अलग कॉल सेंटरों के जरिए ज्यादातर दूसरे राज्यों के लोगों को हॉलिडे पैकेज देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी किया करते थे। अब तक ये सैकड़ों लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं और करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर चुके हैं।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने शनिवार को बताया कि थाना सेक्टर-63 पुलिस ने इस गैंग का पर्दाफाश करते हुए कंट्री हॉलीडे ट्रैवल इंडिया नाम की कंपनी के कॉल सेंटर पर छापेमारी की और कई सीपीयू, कंप्यूटर और फोन बरामद किए हैं।

उन्होंने बताया कि आरोपी डार्क वेब से लोगों के डाटा निकालकर उन्हें अपने कॉल सेंटर से फोन करते थे और लुभावने पैकेज का ऑफर देते थे। उन्होंने बताया कि वे नामी होटल के साथ अपने साथ जुड़े होने की बात कर लोगों को ठगते थे। वे लोगों से उनके घर जाकर कैश पेमेंट और ऑनलाइन पेमेंट भी मंगवाते थे।

डीसीपी ने बताया कि जब लोग इनके द्वारा बुक कराए गए डेस्टिनेशन और होटल पर पहुंचते थे तो पता चलता था कि वहां पर उनके नाम पर कोई बुकिंग नहीं कराई गई है। उसके बाद लगातार कॉल करने पर यह कस्टमर से नेगोशिएट करते थे। उनके दूसरे कस्टमर सपोर्ट कॉल सेंटर पर जब फोन आता था तो वे बार-बार फोन करने वाले का नंबर ब्लॉक कर देते थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे उन लोगों के साथ ठगी करते थे, जो नोएडा और उसके आसपास के नहीं होते थे। ताकि उनके खिलाफ कोई शिकायत न कर सके। फिर भी नोएडा के थाने में उनके खिलाफ ऑफलाइन पांच शिकायतें और ऑनलाइन कई शिकायतें मिली थीं।

पुलिस ने बताया कि तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें फर्जी कंपनी का एजीएम और ट्रेनिंग हेड शामिल है। डीसीपी ने बताया कि वे हर व्यक्ति से पैकेज के एक से डेढ़ लाख रुपये के बीच लिया करते थे। ज्यादातर दक्षिण भारत के लोगों को अपना शिकार बनाते थे और लोगों को घूमने के लिए दक्षिण भारत का ही प्लान दिया करते थे।

## संभल हिंसा : मृतकों के परिवारों को सपा देगी पांच-पांच लाख की आर्थिक सहायता

**लखनऊ । आरएनएस**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने शनिवार को कहा कि संभल में हुई हिंसा में मारे गए मृतकों के परिवारों को पार्टी पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। उन्होंने सरकार से उन परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की भी मांग की है।

माता प्रसाद पाण्डेय ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज सपा का प्रतिनिधिमंडल संभल जाना चाहता था, पर सरकार ने रात 12 बजे से ही उसके सदस्यों को घर में नजरबंद कर रखा है। अब संभल जाने का समय खत्म हो गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात करके हर हालत में हमारा प्रतिनिधिमंडल संभल जरूर जाएगा।

उन्होंने कहा, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निर्णय लिया है कि जो जो गोली से मरे हैं, सपा अपनी तरफ से (उन्हें) पांच-पांच लाख रुपये देगी। हम लोग सरकार से मांग करेंगे कि मृतकों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये दे और निष्पक्ष रूप से जांच हो।

सपा नेता ने कहा कि अब प्रतिनिधिमंडल किसी और दिन कार्यक्रम बनाकर संभल जाएगा। गुपचुप नहीं सबको बताकर जाएंगे। अभी तय नहीं हुआ, लेकिन जब कार्यक्रम बन जाएगा तो आपको अवगत करा देंगे।

इसके पहले संभल जाने से रोके जाने पर माता प्रसाद पांडे ने काफी विरोध किया था। विधायक रविदास मल्होत्रा धरने पर बैठ गए थे। उन्होंने कहा कि संभल के लोगों को इंसाफ दो। हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज से जांच कराई जाए। मृतक परिवार के लोगों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजे के तौर पर दिए जाएं। लखनऊ में शनिवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के घर के बाहर पुलिस लगा दी गई है।

## कैसी चल रही तैयारी, इसरो ने गगनयान मिशन को लेकर दिया बड़ा अपडेट

**बेंगलुरु । आरएनएस**

भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन गगनयान में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बताया है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के ‘एक्सिओम-4 मिशन’ के लिए चुने गए दो भारतीय गगनयात्रियों ने अपने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

इसरो के अनुसार, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर ने अगस्त 2024 से अमेरिका में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने मिशन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां पूरी कीं, जिनमें मिशन के प्रक्षेपण चरणों का अवलोकन, स्पेसएक्स सूट की फिटिंग, अंतरिक्ष भोजन का चयन और अंतरिक्ष स्टेशन की विभिन्न प्रणालियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना शामिल है।

इसके अलावा, गगनयात्रियों को अंतरिक्ष में चिकित्सकीय आपात स्थितियों और अन्य आपात स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण भी दिया गया। आने वाले समय में उन्हें अंतरिक्ष स्टेशन के अमेरिकी कक्षीय खंड के शेष मॉड्यूल पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, उन्हें सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान प्रयोगों के संचालन के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

यह प्रशिक्षण इसरो और नासा के संयुक्त प्रयास का हिस्सा है और इसका उद्देश्य भारतीय गगनयात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मिशन के लिए तैयार करना है। इस सफलता के साथ, भारत अपने अंतरिक्ष मिशन में एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ गया है।

## बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्यवाई, 26 आरोपियों के खिलाफ लगाया मकोका

**मुंबई । आरएनएस**



एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी 26 आरोपियों के खिलाफ मकोका की गंभीर धाराएं जोड़ दी हैं। इस कदम को पुलिस ने इस हत्या में लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की भूमिका के बाद उठाया है, जिसके खिलाफ पुलिस के पास ठोस सबूत हैं।

इसके अलावा, पुलिस ने शुभम लोनकर, निशान अख्तर और अनमोल बिश्नोई को फरार आरोपी घोषित किया है। इस मामले में मकोका की धाराएं जोडऩे से यह केस और भी गंभीर हो गया है, और पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तेजी से प्रयास शुरू कर दिए हैं।

बता दें कि शुक्रवार को बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में नया मोड़ आया था। एनसीपी नेता की हत्या में शामिल एक आरोपी ने क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के सामने इस बात को स्वीकार कर लिया था कि जब बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची जा रही थी, तब उसने गुजरात की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी।

आरोपी गौतम ने अधिकारियों को बताया था कि हत्या की योजना बनाने के दौरान उसने लॉरेंस बिश्नोई से बातचीत की थी, जो गुजरात की जेल में बंद है। शूटर ने बताया कि इस दौरान लॉरेंस बिश्नोई ने शूटर को हत्या के बाद पुलिस से डरने की जरूरत नहीं होने का आश्वासन दिया था। बिश्नोई ने गौतम से कहा था कि अगर वह पकड़ा जाता है, तो भी वह घबराए नहीं, उसे जेल से कुछ ही दिनों में बाहर निकाल लिया जाएगा।

शूटर गौतम ने आगे बताया था कि बिश्नोई ने हत्या के लिए उसे 12 लाख रुपये देने का वादा किया था। इसके अलावा, उसे जेल से बाहर आने के बाद विदेश भेजने की व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया था।

बता दें कि एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा में उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। गैंग का कहना है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या अभिनेता सलमान खान से उनके करीबी संबंधों के कारण की गई।